हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

तिथि 18 नवम्बर 2025 समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया।

- राष्ट्रपति ने छठे राष्ट्रीय जल पुरूस्कार प्रदान किये। - हरियाणा सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में तीसरे स्थान पर रहा।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल किसानों के खातों में पी. एम् किसान सम्मान निधि की 21वीं क़िस्त जारी करेंगे।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यमुनानगर ज़िले के कलेसर में 'श्री गुरु तेग बहादुर वन 'का उदघाटन किया।

- हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में यमुनानगर ज़िले के साढौरा से चौथी नगर कीर्तन यात्रा शुरू हुई।

****************************************************************
**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज के समय में जल चक्र को प्रभावित कर रहा है।

नई दिल्ली में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 और प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने कि जल का सक्षम उपयोग जरूरी है।

*जल का सक्षम उपयोग एक वैश्विक अनिवार्यता है। हमारे देश के लिए जल का समक्ष उपयोग और भी अधिक आवश्यक है। क्योंकि हमारे देश की जनसंख्या की दृष्टि से जल संसाधन बहुत समिति हैं। ऐसे स्थिति में सरकार और जनता को मिलकर जल उपलब्धता वॉटर अवेलिबिलिटी और वॉटर सिक्योरिटी के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।*

राष्ट्रपति ने पुरस्कार विजेताओं को जल संरक्षण के उनके प्रयासों के लिए बधाई दी।राष्ट्रपति ने कहा -

*हमारे देश में जल का 80 प्रतिशत उपयोग कृषि क्षेत्र में होता है। इसलिए कृषि क्षेत्र में जल के सक्षम उपयोग पर सबसे अधिक जोर देने की आवश्यकता है। निरंतर इनोवेशंस करते रहने की आवश्यकता है।*

राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि जल संरक्षण जनभागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत 35 लाख से अधिक भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

*मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि पिछले वर्ष शुरू किए गए जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत चौंतीस लाख से अधिक, आज तो 35 लाख बताया गया है, अधिक ग्राउंड वॉटर रीचार्ज स्ट्रक्चर्स का निर्माण किया जा चुका है। सर्कुलर वॉटर इकोनॉकी की प्राणियों को अपनाकर सभी इंडसट्रीज तथा अन्य स्टेक होल्डर जल संसाधान का प्रभावी उपयोग कर सकते हैं।*

2024 के लिए छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में महाराष्ट्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गुजरात और हरियाणा दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। आज सर्वश्रेष्ठ ज़िला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ संस्थान, सर्वश्रेष्ठ विद्यालय और सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति सहित दस श्रेणियों में कल 46 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

************************************************************
**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल तमिलनाडु में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन के दौरान लाभार्थी किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी करेंगे।

केन्द्रीय कृषि एंव किसान कल्याण मंत्री शिवराज चौहान ने बताया –

************************************************************
*********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल पलवल स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित कार्यक्रम में जिला के किसान भी सहभागिता करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तमिलनाडु में आयोजित होने वाले दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

*************************************************************
**********

प्रवर्तन निदेशालय ने आज दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अल-फलाह समूह से जुड़े 25 से ज़्यादा परिसरों की तलाशी ली। यह तलाश अभियान वित्तीय अनियमितताओं, शैल कंपनियों के इस्तेमाल, आवास संस्थाओं और धन शोधन की चल रही जांच का हिस्सा है। अल-फलाह ट्रस्ट और संबंधित संस्थाओं की भूमिका की जांच की जा रही है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग - यूजीसी और राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद - एनएएसी मान्यता से संबंधित दावों में प्रथम दृष्टया विसंगतियाँ पाई गई हैं। निदेशालय ने कहा है कि इन पहलुओं की संबंधित अधिकारियों के साथ जांच की जा रही है।

इस महीने की 10 तारीख को दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट के सिलसिले में कई डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद का अल फलाह विश्वविद्यालय जांच के दायरे में आ गया है।

*************************************************************
********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यमुनानगर जिले के कलेसर नेशनल पार्क में श्री गुरु तेग बहादुर वन, वन्य जीव विविधता संरक्षण ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस वासर पर जंगल सफारी का शुभारम्भ भी किया गया। श्री गुरु तेग बहादुर वन में 350 पौधे रोपित किए गए।

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित कलेसर राष्ट्रीय पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के संदेश को जन जन तक पहुंचाने पर बल देते हुए कहा -

इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व मंत्री कंवर पाल, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**********************************************************************

हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में आज हरियाणा के यमुनानगर जिले के सढौरा से चौथी नगर कीर्तन शहीदी यात्रा का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरुद्वारा ड्योढी साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास करते हुए श्री गुरु तेग बहादुर जी के तप-त्याग का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने ऐच्छिक कोटे से गुरुद्वारा ड्योढी साहिब को 31 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

इस दौरान श्री गुरु तेग बहादुर जी को पूरे विश्व के मानवाधिकारों के प्रथम महानायक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि साढौरा की पावन भूमि से आरंभ की गई यह चौथी नगर कीर्तन यात्रा, गुरु जी के तप, त्याग, विचार और धर्म रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी।

उन्होंने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चार पवित्र नगर कीर्तन यात्राएं निकाली जा रही हैं जो 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में सम्पन्न होंगी, जहां सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अगले दिन, 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र में महा समागम का आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

*************************************************************************

नौवीं पातशाही हिंद की चादर श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित नगर कीर्तन यात्रा के अंबाला छावनी पहुँचने पर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।

11 नवंबर को पिंजौर से प्रारंभ हुई इस विशाल नगर कीर्तन शहीदी यात्रा ने आज गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब से शुरू होकर अम्बाला छावनी के तोपखाना, में प्रवेश किया।

शहीदी यात्रा डिफैंस कालोनी गुरूद्वारा साहिब, कलरेहडी, से होते हुए निकली ।
*************************************************************************